हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 25 अगस्त  2026, समय 18:10 (10 मिनट)

मुख्य समाचार

- केंद्र सरकार ने शुल्क मुक्त आयात की गई कच्ची चीनी के प्रसंस्करण और बिक्री की समय सीमा में बदलाव किया।
- हरियाणा के कृषि मंत्री ने प्राकृतिक खेती को सबसे बेहतर बताया -महिला के ऑपरेशन की लापरवाही के मामले में चिकित्सक बोर्ड गठित कर जांच के आदेश दिए।
- कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पँवार ने कुरुक्षेत्र में रोडवेज महाप्रबंधक को धानौरा जाटां मार्ग पर विद्यार्थियों के लिए स्पेशल इलेक्ट्रिक बस चलाने के निर्देश दिए।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 27 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में मेरा युवा भारत के तात्वधान में आयोजित कार्यक्रम में देशभर के युवाओं से संवाद करेंगे।
- हरियाणा सरकार ने रक्षा बंधन पर प्रदेश की महिलाओं को हरियाणा राज्य परिवहन की साधारण बसों में निशुल्क यात्रा की सुविधा प्रदान की।

**********

केंद्र सरकार ने शुल्क-मुक्त आयात की गई कच्ची चीनी के प्रसंस्करण और बिक्री की समय सीमा में बदलाव किया है। अब आयातकों को  माल के बंदरगाह पर पहुँचने से पहले या उस समय सीमा शुल्क विभाग को दिए गए घोषणा पत्र बिल ऑफ एंट्री दाखिल करने की तारीख से अधिकतम दो महीने का समय मिलेगा, जिसके भीतर उन्हें कच्ची चीनी को रिफाइंड

चीनी में बदलकर घरेलू बाजार में बेचना होगा। विदेश व्यापार महानिदेशालय ने अगस्त की शुरुआत में अधिसूचित उन नियमों में संशोधन किया है, जिनके अंतर्गत टैरिफ रेट कोटा योजना के अंतर्गत 10 लाख टन कच्ची चीनी के आयात की अनुमति दी गई थी।इससे पहले इस योजना के तहत आयात की गई कच्ची चीनी को 31 अक्तूबर तक रिफाइंड चीनी में प्रसंस्कृत कर घरेलू बाजार में बेचना जरूरी था। इसके अतिरिक्त सरकार ने 20 अगस्त को घरेलू बाजार में चीनी की कीमतों में तेज वृद्धि के बीच, आगामी त्योहारी सीजन से पहले इस योजना के तहत 31 अक्तूबर तक 10 लाख टन कच्ची चीनी के शुल्क-मुक्त आयात की अनुमति दी थी। ताजा संशोधन में 20 अगस्त की अधिसूचना में दिए गए अन्य नियमों और शर्तों में कोई बदलाव नहीं किया गया है।सरकार का यह फैसला अगस्त से नवंबर के बीच आने वाले त्योहारी सीजन से पहले घरेलू बाजार में चीनी की उपलब्धता बढ़ाने और कीमतों पर दबाव कम करने के प्रयासों के तहत आया है।

**********

हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने प्राकृतिक खेती पर बल दिया है। आज कैथल में जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक के बाद मीडिया से बातचीत में कृषि मंत्री ने कहा कि रसायनिक, जैविक और प्राकृतिक खेती में से प्राकृतिक खेती सबसे महत्वपूर्ण है।

गन्ने की अदायगी को लेकर एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि ऐसी कोई चीनी मिल नहीं है जिसमे किसानों की अदायगी बकाया हो कैथल चीनी मिल में भी किसानों का एक भी पैसा बकाया नहीं है उन्होंने कहा कि कोई भी चीनी मिल घाटे में नहीं चल रही है।

आज की बैठक को लेकर उन्होंने बताया कि कुल 13 शिकायतों की सुनवाई की गई, जिनमें से 9 शिकायतों का निपटारा कर दिया गया, जबकि शेष मामलों में संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

मंत्री ने बताया कि एक महिला के ऑपरेशन में लापरवाही की शिकायत पर चिकित्सकों का बोर्ड गठित करके जांच करने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं एक बिजली चोरी के कथित फर्जी मामले में समिति गठित कर जांच के आदेश दिए गए हैं।

**********

कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कुरुक्षेत्र में रोडवेज महाप्रबंधक को धनौरा जाटान मार्ग पर विद्यार्थियों के लिए स्पेशल इलेक्ट्रिक बस चलाने के निर्देश दिए हैं।

आक कुरुक्षेत्र में कष्ट निवारण समिति की बैठक में उन्होंने यह आदेश दिए।

मीडिया से बातचीत में उन्होंने बताया -

उन्होंने बताया कि आज 11 शिकायतों का मौके पर ही निवारण कर दिया गया कैबिनेट मंत्री ने सलेमपुर के रकबा में भूमि खरीद के दौरान धोखाधड़ी की शिकायत पर मामला दर्ज करने के निर्देश दिए।

**********

प्रादेशिक सामाचार आकाशवाणी चंडीगढ़ से प्रसारित किए जा रहे हैं। हमारे बुलेटिनों और ताज़ा समाचारों के लिए आप हमारी वेबसाइट newsonair.gov.in पर लॉग- इन कर सकते हैं।

यह समाचार हमारे यू- ट्यूब चैनल और एक्स हैंडल Akashvani News Chandigarh पर भी उपलब्ध हैं।

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 27 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में मेरा युवा भारत के तत्वावधान में आयोजित खेलो इंडिया संवाद कार्यक्रम के दौरान वर्चुअल माध्यम से देशभर के युवाओं से संवाद करेंगे और खेल तथा विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की भूमिका पर अपने विचार साझा करेंगे।

फतेहाबाद में माय भारत की जिला युवा अधिकारी रीना केसरिया ने आज एक पत्रकार वार्ता में बताया कि फतेहाबाद जिले में भोडिया खेड़ा के चौधरी मनीराम गोदारा राजकीय महिला महाविद्यालय तथा फतेहाबाद के एमएम कॉलेज में खेलो इंडिया संवाद कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

जिला युवा अधिकारी रीना केसरिया ने बताया -

उन्होंने बताया इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को खेल, युवा नेतृत्व और राष्ट्र निर्माण से जोड़ना है।

**************

हरियाणा के खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री राजेश नागर ने आज फरीदाबाद के तिगांव स्थित सरकारी गोदाम का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मंत्री ने गोदाम में खाद्यान्न के भंडारण, साफ-सफाई, रखरखाव और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने गोदाम परिसर में गंदगी और अव्यवस्था पर कड़ी नाराजगी जताई और मौके पर मौजूद अधिकारियों को फटकार लगाते हुए व्यवस्थाओं में तत्काल सुधार करने के निर्देश दिए। मीडिया से बातचीत में उन्होंने बताया -

**********

हरियाणा सरकार ने रक्षाबंधन के पावन पर्व पर प्रदेश की महिलाओं को हरियाणा राज्य परिवहन की साधारण बसों में निशुल्क यात्रा की सुविधा प्रदान की है।

सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि निःशुल्क यात्रा की सुविधा 27 अगस्त को दोपहर 12 बजे से शुरू होगी जो 28 अगस्त की मध्यरात्रि 12 बजे तक लागू रहेगी। महिलाओं के साथ उनके 15 वर्ष तक आयु के बच्चे भी हरियाणा रोडवेज की साधारण बसों में बिना किराया दिए यात्रा का लाभ उठा सकेंगे। यह सुविधा दिल्ली और चंडीगढ़ सहित हरियाणा में किसी भी स्थान से दूसरे स्थान तक आने-जाने के लिए मान्य होगी।

संबंधित अधिकारियों तथा सभी जिला महाप्रबंधकों को बस अड्डे पर वर्दी में परिवहन कर्मचारी और पर्याप्त मात्रा में पुलिस कर्मचारी नियुक्त करने के निर्देश दिए गए हैं।

अंबाला छावनी बस अड्डे के प्रभारी निरीक्षक  बहादुर सिंह ने बताया -

***************